अमर उजाला

देहरादून
शनिवार, 18 सितंबर 2021

किशोरियों को पोषक व्यंजनों की थाली परोसी

कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ में पोषण वाटिका महाअभियान का आयोजन

चिन्यालीसौड़। कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ में अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के तहत पोषण वाटिका महाअभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरियों को पोषक अनाजों से बनाए गए व्यंजनों की थाली परोसी गई।

शुक्रवार को देश की आजादी के अमृत महोत्सव में आयोजित कार्यक्रम में यमुनोत्री विधायक केदार सिंह रावत ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक व अध्यक्ष डॉ. चित्रांगद राघव ने कुपोषण के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए पोषण स्तर में सुधार और बेहतरी के लिए पोषण वाटिकाओं के निर्माण को जरूरी बताया। साथ ही सभी से अपने घरों में पोषक वाटिका बनाने को कहा। इस मौके पर पूनम रमोला, डॉ. विजय बडोनी ने भी विचार रखे। इस दौरान केवीके के डॉ. पंकज नौटियाल, डा. गौरव पपनै, नीरज जोशी, रोहिणी खोब्रागडे, वरुण सुप्याल, ख्याली राम आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं और प्रगतिशील कृषकों समेत 300 से ज्यादा लोग मौजूद थे। संवाद